उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) | हाईस्कूल परीक्षा (उत्तराखण्ड) | 'अ' 10 पन्ने

प्रश्न संख्या - 01 का उत्तर

(क)
उ० (ii) मेर रानिक्त

(ख)
उ० (iii) 1928.

(ग)
उ० (i) - 1973

(घ)
उ० (i) दाले

(ङ)
उ० (iii) धर्मनिरपेक्षता ।

(च) ~~(iii) बहुदलीय~~ ।
उ० (iii) बहुदलीय ।

(छ)
उ० (iii) (i) एवं (ii) दोनो

(ज)
उ० (iv) ये सभी ।

## प्रश्न संख्या - 01 का उत्तर

(क)
उ० (ii) मेरठनिदान

(ख)
उ० (iii) 1928.

(ग)
उ० (i) - 1973

(घ)
उ० (i) दाले

(ङ)
उ० (iii) धर्मनिरपेक्षता,

(च) ~~(iii) बहुदलीय~~,
उ० (iii) बहुदलीय,

(छ)
उ० (iii) (i) एवं (ii) दोनो

(ज)
उ० (iv) ये सभी,

प्रश्न संख्या - 02 - उत्तर

रिंडरपेस्ट।

प्रश्न संख्या 03 - उत्तर

पुर्तगाली सर्वप्रथम भारत में प्रिंटिंग प्रेस लाये,

प्रश्न संख्या - 04 - उत्तर

हीराकुण्ड बाँध महानदी पर निर्मित है।

प्रश्न संख्या - 05 - उत्तर

थोरियम,

प्रश्न संख्या - 06 - उत्तर

मेयर नगर निगम का अध्यक्ष होता है।

प्रश्न संख्या - 07 - उत्तर

जिलाधिकारी या जिला अध्यक्ष,

प्रश्न -08- उत्तर

N.S.S - राष्ट्रीय सेवा योजना (National Service Schceme)

प्रश्न -09- उत्तर

भारत सरकार ने RTI का कानून 2005 मे लागू किया।

प्रश्न -10- उत्तर

महामंदी के प्रमुख कारण - विश्व भर मे 1929-30 के दशक मे महामंदी फैली थी, इसका प्रमुख कारण यह था कि जब न्यूयार्क जैसी शहर मे स्पेरु बाजारो के मूल्य स्कारुक गिर गए थे जिससे विश्व महामंदी फैली इस दौर को उस समय महा मंदी का दौर कहा गया था, इस समय व्यापार घटकर आधा हो चुका था, इससमय सबसे बड़ी मार उन लोगो या उन कृषको पर पड़ी थी जो विश्व बाजार के लिए उपज पैदा करते थे, और कलाकारो, किसानो का धंधा चरा शाही हो गया, इसका मुख्य कारण निम्न थे -

(i) - न्यूयार्क शहर मे स्यरो के मूल्य स्कारुक गिरने लगे,

(ii) - विश्व बाजार में ऊपज कम हो गई थी,

## प्रश्न -सं० - 11- का उत्तर

### 19वीं शदी में गरीब जनता पर मुद्रण संस्कृति का असर

19वीं सदी मे गरीब जनता पर मुद्रण संस्कृति का असर बहुत अनुकूल पड़ा इसका मुख्य असर भारतीय स्त्रीयो पर पड़ा इनके असर निम्नलिखित है -

(i) - मुद्रण संस्कृति मे पुस्तके अत्याधिक सस्ती कीमतो पर उपलब्ध होने लगी,

(ii) - भारत मे मुद्रण संस्कृति के आने से स्त्रियो मे भी साक्षरता दर बढने लगी,

(iii) - भारत मे लोग सस्ती कीमतो पर महापुरुषो की जीवनी पढने लगे और स्वय भी लिखने लगे और छपाने लगे,

## प्रश्न -सं० - 12 - उत्तर

**मृदा अपरदन** - मृदा मे से मिट्टी का स्थानान्तरण होना ही मृदा अपरदन कहलाता है, मृदा अपरदन से बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ते है, भूमि की उपजाऊ क्षमता मे कमी महसूस होती है

### पहाड़ी क्षेत्रो मे मृदा अपरदन के रोकथाम के लिए उपाय -

पहाड़ी क्षेत्रों मे मृदा अपरदन को रोकने के लिए निम्न लिखित कदम उठाने चाहिए -

(i) - पहाड़ी क्षेत्रो मे अति पशुचारण पर रोक लगाने के लिए मेड़ बंदी करनी चाहिए,

(ii) - पहाड़ी क्षेत्रों मे सीढ़ी नुमा खेती करनी चाहिए,

(iii) - जल के लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए,

प्रश्न - 13 - उत्तर

राष्ट्रीय राजमार्ग - राष्ट्रीय राजमार्गो से यह अभिप्राय है कि परिवहन के लिए या यातायात के लिए या इनको सुगम बनाने वाले मार्ग ये मार्ग मुख्यतः 4 - 6 लेन के होते हैं। ये मार्ग लम्बी दूरीयो के लिए होते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग कहलाते है।

राज्य राजमार्ग - इन मार्गो से यह अभिप्राय है कि जो मार्ग सम्पूर्ण राज्य मे विस्तृत होते है ये मार्ग मुख्यतः 2 - से 4 लेन के हाइवे होते हैं। ये सम्पूर्ण राज्य से जुड़े होते हैं। राज्य राज मार्ग कहलाते है।

जीला मार्ग - ये मार्ग संपूर्ण जिले मे विस्तृत मार्ग होते हैं। ये मार्ग मुख्यतः

1 से 2 लेन के ~~राष्ट्रीय~~ ~~[illegible]~~ जिला मार्गों मे विस्तृत होते, ये मार्ग संपूर्ण जिले मे फैले होते है और इनका निर्माण PWD के अंतर्गत होता है।

प्रश्न - 14 - उत्तर

राजनीतिक दल - ये दल वे होते है जो समस्त लोकतंत्र को चलाने के लिए उत्तरदायी होते है। ये दल पूर्ण मतो से जीतने के लिए बहुत संघर्ष करते है, राज्य को चलाने के लिए वह दल राजनीतिक दल कहलाता है।

राजनीतिक दलो के समक्ष चुनौतियाँ - राजनीतिक दलो के समक्ष निम्न लिखित चुनौतियाँ होती है। -

(i) - इन दलों को जनता के मत पाने के लिए बहुत जन आंदोलन करने पड़ते है।

(ii) - इन दलो को पूर्ण बहुमत से विजयी होना एक बहुत बड़ी चुनौती है।

(iii) - राजनीतिक दलो को जनता को विश्वास दिलाना होता है कि वो उनकी समस्या हल करेंगे,

प्रश्न - 15 - उत्तर

लोकतंत्र सबसे अच्छी शासन प्रणाली - लोकतंत्र एक सबसे अच्छी शासन प्रणाली है क्योंकि इसमे शासन पूर्ण रूप से जनता पर होता है। इसकी परिभाषा है - जनता का, जनता के लिए, जनताद्वारा शासन लोकतंत्र कहलाता है। लोकतंत्र में अल्पसंख्यकों को भी अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार होता है। इसके अच्छी शासन प्रणाली होने के मुख्य गुण निम्न लिखित है। —

(i) - लोकतंत्र जनता के हितो के लिए कार्य करती है,

(ii) - लोकतंत्र में पूर्णबहुत मत से जीतने वाली सरकार ही जनता के लिए कार्य करती है,

(iii) - लोकतंत्र एक न्यायपूर्ण शासन प्रणाली है।

इन्ही कारणो से लोकतंत्र को सबसे अच्छी शासन प्रणाली कहा जाता है।

प्रश्न - 16 - उत्तर

सार्वजनिक क्षेत्रक व निजी क्षेत्रक मे अंतर निम्न लिखित है। —

(i) - सार्वजनिक क्षेत्रक में कोई व्यक्ति विशेष सरकार के लिए कार्य करता है, जैसे - रेलवे आदि,

और निजी क्षेत्रक में कोई व्यक्ति विशेष किसी उद्योग को बढ़ाने के लिए कार्य करता है जैसे - कोई कंपनी,

(ii) - सार्वजनिक क्षेत्रक एक संगठित क्षेत्र होता है। जिसमे रोजगार पक्का होता है। और निजी क्षेत्रक एक असंगठित क्षेत्र होता है जहाँ स्थिति के अनुसार रोजगार होता है,

(iii) - सार्वजनिक क्षेत्रक मे वेतन भी अधिक होता है. और निजी क्षेत्रक मे वेतन कम होता है और रोजगार की गारंटी नही होती है।

(iv) - उदाहरण -
सार्वजनिक क्षेत्रक - रेलवे, डाकघर आदि
निजी क्षेत्रक - टिस्को, कोई कारखाना आदि

प्रश्न - 17 - उत्तर

उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम की आवश्यकता -

उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम की आवश्यकता इसलिए पडी क्योंकि जब जनता को पदार्थ की गुणवक्ता मे कमी थी, और उत्पादक या विक्रेता उन आवश्यक वस्तुओ को अपने मनचाहे ढंग से बेचने लगे। जिससे उपभोक्ता आक्रोष पर उतर आये जिस कारण भारत सरकार ने 24 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण को लागू किया उपभोक्ता के हितो की रक्षा करने के लिए भारत

सरकार ने इस नियम को पारित किया, इस नियम की आवश्यकता निम्न कारणों से पड़ी —

(i) - जनता को कोई उत्पाद मनचाहे ~~दाम~~ से बेचा जाता था,

(ii) - उत्पादकों द्वारा ~~जन~~ उपभोक्ताओं का शोषण किया जाता था,

(iii) - उत्पादित पदार्थ की गुणवत्ता भी बहुत खराब थी,

इसीलिए भारत सरकार ने उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 1986 का निर्माण किया

प्रश्न - 18 - उत्तर

(क) - प्राथमिक उपचार किट - इससे अभिप्राय है कि जब किसी आपदा ग्रस्त या चोटिल ~~का~~ व्यक्ति को दी जाने वाली चिकित्सा के लिए उपयुक्त की जाने वाली सामग्रीयाँ प्राथमिक उपचार किट के अंतर्गत आती है, जैसे — जैसे किसी व्यक्ति को चोट लगकर खून बहरहा है उस खून को बंद करने के लिए रुई और बैंडेज़ जैसी सामान्य वस्तु का प्रयोग करना,

(ख) - ऐमेच्योर (हैम) रेडियो — ऐमेच्योर (हैम) रेडियो से यह अभिप्राय है कि

विशेष परिस्थितियो मे किसी आवृत्ति पर सहमति द्वारा प्रयोग किये जाते वाले रेडियो के हैम रेडियो कहते है, ये कोई खास प्रकार का रेडियो नही है बल्की यह एक विशेष आवृति पर प्रयोग किये जाते है।

## प्रश्न -19- उत्तर

**सुनामी के उत्पन्न होने के कारण** – यह एक जलीय आपदा है इसके उत्पन्न होने के कारण निम्नलिखित है। –

(i). **भूकंप** :– जब समुद्र मे भूकंप आते है तो भूकंप के कारण विशाल लहरे उत्पन्न होती है जो सुनामी का कारण बनती है।

(ii) - **भूस्खलन** – समुद्र के अंदर चट्टानो के टूटने से जल मे कंपन पैदा हो जाता है और सुनामी उत्पन्न हो जाती है।

(iii) - **समुद्री चक्रवात** – जब समुद्र मे तीव्र हवाओ के कारण चक्रवात उत्पन्न होता है तो समुद्री लहरे बेकाबू होकर किनारों पर तीव्रता से आतीहै जो सुनामी का कारण बनती है।

## प्रश्न - 20 - उत्तर

नेपोलियन के सुधार - नेपोलियन की आश्चर्य जनक ~~विज~~ विजयो ने समस्त यूरोप को आश्चर्य चकित कर दिया. इसने अपने शासन में निम्न सुधार किए -

(i) शासन संबंधी सुधार - नेपोलियन ने फ्रांस मे एक बेहतर शासन प्रणाली को अपनाया और शासन को व्यवस्थित कर दिया,

(ii) शिक्षा संबंधी सुधार - नेपोलियन ने अपने शासन मे कई शिक्षा संबंधी सुधार किए उसने फ्रांस में कई विद्यालयों का निर्माण किया,

(iii) आर्थिक सुधार - नेपोलियन से आर्थिक सुधार करने के लिए फ्रांज की राजधानी पेरिस मे बैंक ऑफ पेरिस का निर्माण किया और विभिन्न प्रकार के रोजगार दिये,

(iv) ~~सार्वजनि~~ सार्वजनिक सुधार - नेपोलियन ने फ्रांस के चौराहो पर विभिन्न प्रतिमाऐ स्थापित की और फ्रांस में लगभग 264 ~~प~~ पक्की सड़को का निर्माण किया,

प्रश्न - 21 - उत्तर

सविनय अवज्ञा आंदोलन मे शामिल विभिन्न सामाजिक समूह

सविनय अवज्ञा आंदोलन मे भाग लेने वाले सामाजिक समूह निम्न तीन थे. कांग्रेस, मुस्लिम, ~~गाँधी~~ ये सभी समाजिक समूह हिंदू भी थे; इन्होंने ने ब्रिटिश शासन से तंग आकर सविनय अवज्ञा आंदोलन मे ~~शामि~~ शामिल हुए जिसमे ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जाकर अपनी माँगो को पूरा करना था, इस आंदोलन मे हिस्सा लेने का प्रमुख कारण निम्न लिखित थे -

(1) नेहरू रिपोर्ट की अस्वीकृति - जब नेहरू रिपोर्ट मे गाँधी जी ने प्रावधान रखे तो अंग्रेजो ने अस्वीकार किया,

(2). पूर्ण स्वराज्य की माँग - ये सामाजिक समूह पूर्ण स्वराज्य चाहते थे उन्होंने माँगे रखी लेकिन ब्रिटिश सरकार ने साफ इनकार कर दिया,

(3) आर्थिक मंदी - देश मे आर्थिक मंदी बढ़ने के कारण लोगो ने कृषि को सुधारने के लिए माँगे रखी;

इसलिए इन सभी कारणो से ~~इस~~ इन सभी सामाजिक समूह ने सविनय अवज्ञा आंदोलन मे हिस्सा लिया,

प्रश्न - 22 - उत्तर

राजस्थान मे कई क्षेत्रो में पीने का पानी बहुत कम उपलब्ध है जिससे वहाँ के लोगो ने वर्षा के जल को संग्रह करके अपनी पानी की आवश्यकताओ को पूर्ण करते थे, वे लो अपने-अपने छतो पर टैंको का निर्माण करके वर्षा के जल का ~~संर~~ संग्रह करते है। वे लोग निम्न तरीको से वर्षा का जल ~~सं~~ संग्रह करते है जो निम्न लिखित है —

(i) - वे लोग अपने-अपने घरो की छतो पर टैंको का निर्माण करते है जिससे वहा जल संग्रह हो जाता है।

(ii) - अर्द्धशुष्क क्षेत्रो मे लोग एक जमीन पर एक गड्ढा खोदकर जो एक कमरे जितना विशाल होता है। और वर्षा का जल संग्रह करते है।

(iii) - वर्षा होने के पश्चात लोग कुँए बनाते थे जिससे वर्षा का जल संग्रह होकर कामो मे प्रयोग किया जा सकता है,

प्रश्न - 23 - उत्तर

सत्ता की साझेदारी - लोकतंत्र मे सत्ता की साझेदारी के लिए तीन पालिकाएँ कार्य करती है- कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका ये तीन पालिका ही सत्ता की साझेदारी मे व्यवस्थाऐ करती है। कार्यपालिका नियमों को बनाती व लिखती है जहाँ विधायिका इन नियमो को पारित करती है, और उन नियमो का उलंघन करने वालो को दंड देने का काम न्याय पालिका है,

अलग-अलग तरीके - लोकतंत्र मे सत्ता को चलाने के लिए सही नियमो व सही दंडो का होना आवश्यक है. जिन सभी कार्यो को सत्ता सम्भालती है। इन्ही अलग-अलग सत्ता द्वारा सत्ता की साझेदारी होती है, इसमे केंद्र तथा राज्य सरकारे सूची बनाती है।

उदाहरण - जब किसी नियम को पारित करने का काम विधायिका का होता है जबकि इन नियमो को संविधान मे लिखने व चर्चा करने का का काम कार्य पालिका करती है अगर पारित किये इस नियम को कोई व्यक्ति पालन नही करता तो उन पर कार्यवाहि कार्यवाही करने का काम न्यायपालिका करती है।

प्रश्न - 24 - उत्तर

**भारत मे महिलाओ के साथ भेदभाव** – महिलाओ के साथ प्राचीन काल से ही भेद भाव होता है। लडकीयो पर पुरुषो के मुकाबले अधिक ध्यान नही दिया जाता है इस ~~सल~~ असमानता को लैंगिक असमानता कहते है। महिलाओं को पुरुषो के मुकाबले कम अधिकार प्राप्त है, महिलाओ को शिक्षा भी नही दी जाती है, महिलाओ के साथ भेदभाव के पहलु निम्न लिखित है –

(i) - भारत मे अधिकतर महिलाए घर के काम ही करते है और बाहर के कार्य पुरुष ही मुख्यत: करते है, इस को कार्य के आधार पर लैंगीक विभाजन कहते है।

(ii) - महिलाओ के साथ शिक्षा मे भेद भाव भारत मे अभी भी कई क्षेत्र है जहाँ महिलाए अशीक्षित है,

(iii) - महिलाओ को घर के बाहर जाने की अनुमति नही मिलती वे खाली घर के कार्य ही करेंगी,

(iv) - भारत मे कई क्षेत्र ऐसे है जहाँ महिलाओ को बाहर के कार्यो को करने नही दिया जाता है महिलाए केवल घरही तक सीमित रह गई है।

प्रश्न - 25 - उत्तर

भारत में ऋणो के औपचारिक स्रोतो की बढाने की आवश्यकता -

भारत मे अभी भी कई क्षेत्रो मे लोग मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रो मे लोग ऋण के लिए निम्न लोगों के पास जाते है। -

साहूकार (महाजन)
- मित्र
- रिश्तेदार
- व्यापारी.

जब लोग इन से ऋण लेते है तो ये लोग अत्यधिक ब्याज लेते है। या ऋणाधार जैसे - जमीन, जायदाद, गहने आदि. अगर कर्ज समय पर वापस न देगो ये उनको रख लेते है। ये ऋण का स्रोत अनोपचारिक स्रोत है। इसमे ऋण लेने वाले का अत्यधिक शोषण होता है।

ऋणो का सर्वश्रेष्ठ औपचारिक स्रोत बैंक होता है, जो ऋण देते समय वेतन का स्रोतो को देखता है, और ब्याज भी कम लेता है, अगर किसी के पास वेतन का स्रोत नही है तो ऋणाधार को लेता है। जिससे ऋण लेने वाले व्यक्ति का अनौपचारिक स्रोत के मुकाबले शोषण नही करता है

इसीलिए भारत मे ऋण के औपचारिक स्रोतों को बढाने की आवश्यकता है।

| उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) | हाईस्कूल परीक्षा (उत्तराखण्ड) | 'ब' 06 पन्ने |
|---|---|---|

प्रश्न -26- उत्तर

x

वैश्वीकरण - वैश्वीकरण से यह आशय है कि विभिन्न देशोका का तीव्र एकीकरण वैश्वीकरण कहलाता है,

वैश्वीकरण से राष्ट्रो मे आर्थिक लाभ उत्पन्न होते है तथा देशो मे आर्थिक स्थिरता आती है, और वैश्वीकरण से राष्ट्रोका उत्पादन तथा आर्थिकता मे बृद्धि होती है और आयात निर्यात मे सुगमता होती है, और विभि देशो की कंपनियाँ दूसरे देशो मे अपनी शाखाए खोलते है और लोग उन कंपनियो मे निवेश करके आर्थिक लाभ कमाते है, वैश्वीकरण के कारण देशो मे वस्तुओ का आयात निर्यात सरलता से होता है वैश्वीकरण के कारण देशो के आर्थिक संवृद्धि का विकास होता है।

ये देश एकीकरण के पश्चात एक प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करते है। जिससे इन देशो मे आर्थिक स्थिरता आती है इस संमझौते को ब्रिटेन वुड्स कहते है, इसका निर्माण वैश्वीकरण के पश्चात नवस्वतंत्र देशो ने विश्व बैंक की असंतोष जनक सेवाओ से तंग आकर इस समझौते का निर्माण किया वैश्वीकरण से आर्थिक स्थिरता आती है, और देशो मे आयात निर्यात सुगम हो जाता है।

प्रश्न - 27 - उत्तर

(अ)(क) जलियावाला बाग हत्याकांड — अमृतसर
(ख) गाँधी ने डांडी मार्च किया — गुजरात: ~~[illegible]~~ से

(ब)(ग) भाखड़ा नांगल बाँध
(घ) भिलाई लौह इस्पात
(ङ) कानपुर सूती वस्त्र उद्योग
(च) रावत भाटा आणविक संयंत्र

25060606


**2025** No 0680

**234 (HHJ)**

रोल नं.
**Roll No.** 2 5 0 6 0 6 0 6

प्रश्न संख्या 27 के लिए
**(For Q. No. 27)**

**INDIA (Political)**
**भारत (राजनैतिक)**




| केवल परीक्षकों के लिए (For Examiners Only) | प्रश्न संख्या 27 (Q. No. 27) | अ (A) | | ब (B) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क (a) | ख (b) | ग (c) | घ (d) | ङ (e) | च (f) |
| | प्रदत्त अंक (Marks Provided) | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 |